**Regarding need to establish Navodaya Vidyalaya and Kendriya Vidyalaya in Malda district, West Bengal-Laid**

श्री खगेन मुर्मु **(**माल्दहा उत्तर**) :** मालदा जिले में 3 लाख में अधिक आदिवामी (ST) समुदाय के लोग निवास करते हैं. जो जिले की कुल जनसंख्या का लगभग 7.87% है । इसके अतिरित, 21% जनसंख्या एससी समुदाय से संबंधित है । इस संदर्भ में, मैं मालदा जिले में आदिवासी और अनुसूचित जनजाति समुदाय के बच्चों के लिए नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की सिफारिश करता हूं । इस कदम से इन समुदायों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी, और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । नवोदय विद्यालय के लिए मालदा जिले के निम्नलिखित स्थानों को उपयुक्त माना जाता है:

i. हबीबपुर ब्लॉक

ii. गाजोल ब्लॉक

iii. पुराना मालदा ब्लॉक

iv. बामंगोला ब्लॉक

v. चंचन २

इन स्थानों पर नवोदय विद्यालय की स्थापना से आदिवासी और अनुसूचित जनजाति समुदाय के बच्चों को शिक्षा के समान अवसर मिलेंगे, साथ ही यह क्षेत्र के शिक्षा स्तर को ऊँचा उठाने में भी मदद करेगा । साथ ही, समसी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव भी है । मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मालदा जिले में उपयुक्त स्थानों पर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए कदम उठाए जाएं ।